[This question paper contains 4 printed pages.]

**Sr. No. of Question Paper : 1897** **D** **Your Roll No...............**

Unique Paper Code : 205471

Name of the Course : **Hindi : Discipline Centered Course for B.A. (Hons.) / B.Sc. (Hons.) Math**

Name of the Paper : Hindi Literature

Semester : IV

Duration : 3 Hours Maximum Marks : 75

<u>छात्रों के लिए निर्देश</u>

1. इस प्रश्न-पत्र के मिलते ही ऊपर दिए गए निर्धारित स्थान पर अपना अनुक्रमांक लिखिए।
2. सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।

1. (क) आदिकाल के नामकरण की समस्या पर विचार कीजिए।

**अथवा**

भक्तिकाल की सामान्य विशेषताओं पर प्रकाश डालिए। (7)

(ख) 'आधुनिक बोध' का तात्पर्य बताइए।

**अथवा**

'मध्यकालीन बोध' और 'आधुनिक बोध' के बीच प्रमुख अंतर को रेखांकित कीजिए। (7)

(ग) 'भारतेंदुयुगीन गद्य' में 'नवजागरण' पर एक टिप्पणी लिखिए।

**अथवा**

द्विवेदीयुगीन कविता पर नवजागरण के प्रभाव को स्पष्ट कीजिए। (7)

2. (क) 'अधिनायक' कविता का प्रतिपाद्य लिखिए।

**अथवा**

'कुकुरमुत्ता' कविता का भाव स्पष्ट कीजिए। (8)

(ख) किन्हीं दो पद्यांशों के आधार पर प्रश्नों के उत्तर दीजिए : (2×8=16)

(1) दुतकारा मस्जिद ने मुझको कहकर है पीनेवाला,
ठुकराया ठाकुरद्वारे ने देख हथेली पर प्याला
कहाँ ठिकाना मिलता जग में भला अभागे काफ़िर को
शरणस्थल बनकर न मुझे यदि अपना लेती मधुशाला।

(i) उपर्युक्त पंक्तियों के कवि तथा कविता के शीर्षक का उल्लेख कीजिए।

(ii) 'शरणस्थल बनकर न मुझे यदि अपना लेती मधुशाला' पंक्ति का अर्थ स्पष्ट कीजिए।

(iii) 'अपना लेती' से कवि का क्या आशय है ?

(2) सिर्फ हंगामा खड़ा करना मेरा मकसद नहीं,
मेरी कोशिश है कि ये सूरत बदलनी चाहिए।
मेरे सीने में नहीं तो तेरे सीने में सही
हो कहीं भी आग, लेकिन आग जलनी चाहिए।

(i) उपर्युक्त पंक्तियों के कवि तथा कविता के शीर्षक का उल्लेख कीजिए।

(ii) 'मेरी कोशिश है कि ये सूरत बदलनी चाहिए' पंक्ति का तात्पर्य बताइए।

(iii) 'आग जलनी' का आशय स्पष्ट कीजिए।

(3) भुनती वसुधा, तपते नग
दुखिया है सारा अग-जग
कंटक मिलते हैं प्रतिपग,
जलती सिकता का यह मग,
बह जा बन करुणा की तरंग।
जलता है यह जीवन पतंग।

(i) उपर्युक्त पंक्तियों के कवि का नाम बताइए। ये पंक्तियां किस कविता से ली गई हैं ?

(ii) 'जलता है यह जीवन पतंग' पंक्ति का अर्थ स्पष्ट कीजिए।

(iii) 'कंटक मिलते हैं प्रतिपग' का अभिप्राय लिखिए।

3. (क) 'दूध का दाम' कहानी की मूल संवेदना पर प्रकाश डालिए।

**अथवा**

'पुरानी कहानी : नया पाठ' में चित्रित राजनीतिक भ्रष्टाचार को स्पष्ट कीजिए। (8)

(ख) किन्हीं दो गद्यांशों के आधार पर प्रश्नों के उत्तर दीजिए : (2×8=16)

(1) लेकिन कमोबेश हर चीज का यही हाल है। टूथपेस्ट के इतने विज्ञापन हैं, मगर हर एक में स्त्री ही उजले दाँत दिखा रही है। एक भी ऐसा मंजन बाजार में नहीं है, जिससे पुरूष के दाँत साफ हो जाएँ। या कहीं ऐसा तो नहीं हैं कि इस देश का आदमी मुंह साफ करता ही नहीं। यह सोचकर बड़ी घिन आई कि मैं ऐसे लोगों के बीच में रहता हूँ, जो मुँह साफ नहीं करते।

(i) प्रस्तुत गद्यांश के रचनाकार का नाम बताइए। ये पंक्तियाँ किस रचना से ली गई हैं ?

(ii) 'एक भी ऐसा मंजन बाजार में नहीं है, जिससे पुरूष के दाँत साफ हो जाएँ' पंक्ति में निहित व्यंग्यार्थ को स्पष्ट कीजिए।

(2) मृत्यु के कुछ समय पहले स्मृति बहुत साफ हो जाती हैं। जन्मभर की घटनाएँ एक-एक करके सामने आता हैं। सारे दृश्यों के रंग साफ हो जाते हैं। समय की धुंध बिल्कुल उन पर से हट जाती हैं।

(i) प्रस्तुत पंक्तियां किस रचना से ली गई हैं ? उपर्युक्त कथांश के लेखक का नाम बताइए।

(ii) 'मृत्यु के कुछ समय पहले स्मृति बहुत साफ हो जाती हैं' यह पंक्ति किस संदर्भ में कहीं गई हैं ?

(3) लेकिन अपनी मस्ती में मस्त थे हम लोग। न हमें पता चला न खुद कुर्बान भाई को कि अब उन्हें इमामबाड़े वाले ही नहीं, शाखा वाले भी घूरते हुए निकलने लगे हैं। शाम को उनकी दुकान पर आने वाले कुछ देशप्रेमी किस्म के लोगों की सतत अनुपस्थिति का गुढ़ार्थ भी हमने नहीं समझा। इसलिए आखिर वह घटना हो गई जिसने इस कहानी को एक ऐसे अप्रिय मुकाम तक पहुँचा दिया जो मन को कड़वाहट से भर देता है।

(i) प्रस्तुत गद्यांश के रचनाकार का नाम बताइए। ये पंक्तियाँ किस रचना से ली गई हैं ?

(ii) कुर्बान भाई को इमामबाड़े वाले हीं नहीं, शाखा वाले भी क्यों घूरने लगे ?

4. (क) किन्हीं **दो** प्रश्नों के उत्तर दीजिए :-

(i) डी.डी. कौन था ? वह क्या काम करता था ?

(ii) डी.डी. से कर्नल शास्त्री की पत्नी ने कैसा व्यवहार किया ?

(iii) रंगनाथ शिवपाल गंज क्यों गया ? वैद्यजी से उसका क्या संबंध था ?

(iv) शनिचर का असली नाम क्या था ? वह किसकी बैठक में उपस्थित रहता था ? (3)

(ख) किन्हीं **दो** प्रश्नों के उत्तर दीजिए :

(i) माधवी कौन थी ? वह किन-किन नरेशों की रानी बनीं ?

(ii) माधवी ने विश्वमित्र के समक्ष क्या प्रस्ताव रखा ?

(iii) राम चंदर का कोर्ट-मार्शल क्यों हो रहा था ?

(iv) विकाश रॉय कौन था ? वह किसका बचाव कर रहा था ? (3)